अष्टादश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

. संख्या–10 सोमवार, दिनांक–16 फरवरी, 2026 ई०।

माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:10 बजे अपराह्न तक।

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही कतिपय माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल और नारेबाजी करने लगे।

आसन द्वारा माननीय सदस्यों से शांति बनाये रखने एवं अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया तथा सदन चलाने में सहयोग करने का आग्रह किया गया, जिसके पश्चात सदन में शांति कायम हुई।

[1] प्रश्नकाल :–

i. 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
ii. 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत।
iii. 18 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
iv. 04 तारांकित प्रश्न अपृष्ट।
v. 71 तारांकित प्रश्न अनागत।

[2] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :–

माननीय मंत्री, ऊर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–395 के तहत साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

[3] कार्यस्थगन प्रस्ताव :–

माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या–138), श्री कुमार सर्वजीत, श्री अरूण सिंह, श्री राहुल कुमार, श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या–231), श्री गौतम कृष्ण, श्रीमती सावित्री देवी, श्री अभिषेक रंजन एवं श्रीमती अनीता द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी।

परन्तु आसन की अनुमति प्राप्त कर माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या–138) द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को पढ़ा गया।

तत्पश्चात् आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री राजू तिवारी द्वारा अपना पक्ष रखा गया।

इस दौरान कतिपय माननीय सदस्यगण पुनः शोरगुल एवं नारेबाजी करने लगे।

आसन द्वारा माननीय सदस्यों से सूचीबद्ध कार्यों के निष्पादन में सहयोग करने तथा शांति बनाये रखने का बार–बार अनुरोध किया गया, परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

भोजनावकाश के बाद

(02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

[4] वित्तीय कार्य :–

वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–04 (स्वास्थ्य विभाग; समाज कल्याण विभाग; आपदा प्रबंधन विभाग; विधि विभाग; परिवहन विभाग तथा योजना एवं विकास विभाग] पर वाद–विवाद एवं मतदान।

माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पांडे द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार द्वारा अनुदान की मांगों में कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात स्वास्थ्य विभाग के अनुदान की मांग पर वाद–विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

i. श्री रणविजय साहू
ii. डॉ० सुनील कुमार
iii. श्री चेतन आनंद
iv. श्री मो० कमरूल होदा

[इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य, श्री राम नारायण मंडल ने आसन ग्रहण किया]

v. श्री राजू तिवारी
vi. श्री गुलाम सरवर
vii. श्री अरूण सिंह
viii. श्री सतीश कुमार सिंह यादव
ix. श्री अजय कुमार
x. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता
xi. श्री रामेश्वर कुमार महतो
xii. श्री रोमित कुमार
xiii. श्री सियाराम सिंह
xiv. श्रीमती करिश्मा
xv. श्री साम्रीद वर्मा
xvi. श्री अमित कुमार
xvii. श्री कुंदन कुमार
xviii. श्रीमती शालिनी मिश्रा
xix. श्री त्रिविक्रम नारायण सिंह
xx. श्री विमल राजवंशी
xxi. श्री ललित नारायण मंडल

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

xxii. श्री मुरारी पासवान

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पांडे द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

इस दौरान विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

[5] निवेदन :–

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 47 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक–17 फरवरी, 2026 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–16.02.2026

ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।